
# ज़ुल्म के ख़िलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2016-

वर्ष : ०४ | अंक : ४३ | मुंबई, शुक्रवार, २८ सितंबर से ४ अक्टूबर २०१८ RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये


## पालघर के सातपाटी पुलिस स्टेशन अंतर्गत अवैध गावटी दारू भट्टी ध्वस्त





**आसिफ खान**

**पालघर :** दिनांक २५-०९-२०१८ को सातपाटी पुलिस थाने के हद में नंद गांव मराडे गांव में एक झोपड़े पर पुलिस ने छापामारी करके अवैध तरीके से गावठी दारू बनाने के अड्डे का भंडाफोड़ किया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सातपाटी पुलिस की टीम को उक्त स्थान से भारी मात्रा में गावठी शराब व दारू बनाने में प्रयुक्त भट्टी बरामद हुई, जिसे पुलिस टीम द्वारा ध्वस्त कर दिया गया वहीं गावठी शराब को गटर में बहा दिया गया।

## मस्जिद बंदर स्टेशन, दाना बंदर, भरूच स्ट्रीट परिसर में चल रहा खुलेआम नशे का व्यापार

### यंगस्टार सामाजिक सेवा संस्था के अध्यक्ष असगर अली ने पायधुनी पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई

**इस्माईल खान**

**मुंबई :** मुंबई में जब कभी अपराध बढ़ता है, तो इसकी वजह सिर्फ और सिर्फ बढ़ते नशे का व्यापार ही जिम्मेदार होता है। ऐसा नहीं है कि मुंबई पुलिस के नारकोटिक्स डिपार्टमेंट सतर्क नहीं है, परंतु यह बात भी निश्चित है कि आज भी मुंबई में नशे का व्यापार खुलेआम चल रहा है। जिसकी जीती-जागती मिसाल है, मस्जिद बंदर स्टेशन, दाना







बंदर भरूच स्ट्रीट परिसर जहां पर नशे के व्यापारी खुलेआम नशे का व्यापार कर रहे हैं और लोग वहां नशा बगैर पुलिस के डर के कर रहे हैं। ऐसे में कोई घटना घट जाए, या बड़ा अपराध हो जाए, सिर्फ सरकारी फाईलें भरी जाएंगी और कुछ नहीं।

अपराध अपने निशान छोड़ जाता है और इसके बाद पुलिस काम करने लगती है। हमारे पेपर के माध्यम से हम नारकोटिक्स सेल के डीसीपी श्री शिवदीप लांडे जी से विनती करते हैं कि इन नशे के व्यापारियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर इन्हें कानून व्यवस्था का ज्ञान प्रदान करें ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति अपराध का शिकार न बने।

## प्रताप चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से गणेश विसर्जन के दौरान प्रसाद वितरण
























**मुंबई :** प्रताप चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से सभी गणेश भक्तो को जोगेश्वरी बेहरामबाग लिंक रोड पर प्रसाद बांटते हुए एडवोकेट राज यादव (जिला सचिव बीजेपी) मनोज यादव (जिला सचिव युवा मोर्चा बी जे पी) रेहमान शाह (महामंत्री ६४ बीजेपी) संजीव सिंह (उत्तर भारती मोर्चा जिला सचिव) अनिक अज़ीज़ रेडियोवाला, पन्नालाल यादव, महिंदर यादव, रामबचन मौर्या, मोहसीन शेख़ व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अंधेरी में आधुनिक स्वच्छता गृह का निर्माण



**अंधेरी स्टेशन के सामने स्वच्छ भारत अभियान के तहत आधुनिक स्वच्छता गृह का निर्माण किया गया है, जिसमें सैनिटरी पैड, वेंडिंग मशीन, डायपर चेंजिंग स्टेशन, शॉवर फैसिलिटी इत्यादि के साथ लेडिज टॉयलेट का निर्माण किया गया। इस कार्य में पीएमओ नरेंद्र मोदी, सीएमओ महाराष्ट्र, भारतीय जनता पार्टी के विधायक अमित साटम, प्रसाद लाड, राव साहेब पाटील दानवे, आशिष शेलार इत्यादि ने सहयोग दिया।**












## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-संविधान के मुताबिक सरकारी योजनाओं के लिए जरूरी, लेकिन प्राइवेट सेक्टर में नहीं

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अदालतों की कार्यवाही के सीधे प्रसारण और विडियो रेकॉर्डिंग की इजाजत दे दी। ऐसा संवैधानिक महत्व के मामलों में किया जाएगा। इसकी शुरुआत सुप्रीम कोर्ट से होगी। याचिकाकर्ताओं की गरिमा की रक्षा और लोगों के अधिकारों में संतुलन के लिए नियम बनाए जाएंगे। चीफ दीपक मिश्रा की बेंच ने टिप्पणी की कि कीटाणुओं को मारने के लिए सूरज की रोशनी सबसे अच्छा उपाय है।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिए ऐतिहासिक फैसले में केंद्र की आधार योजना की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा। लेकिन बैंक खातों, मोबाइल कनेक्शन, स्कूल में दाखिले-एग्जाम आदि के लिए आधार की जरूरत वाले प्रावधान को रद्द कर दिया। इसके बाद टेलिकॉम समेत अन्य प्राइवेट कंपनियां आधार नंबर नहीं मांग सकेंगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी बच्चे को आधार न




होने के कारण सरकारी फायदों और सुविधाओं से वंचित नहीं किया जा सकता है।

चीफ जस्टिस की अगुआई वाली पांच जजों की बेंच ने ४-१ के बहुमत के फैसले में कहा कि आधार कानून में ऐसा कुछ नहीं है, जो किसी की प्राइवेसी का हनन करता है। कोर्ट ने यह कहते हुए कल्याणकारी योजनाओं के लिए आधार के इस्तेमाल की राह साफ कर दी कि इस योजना का मकसद सरकारी योजनाओं को समाज के वंचित तबके तक पहुंचाना है। कोर्ट ने डेटा सेफ्टी पर भी जोर दिया। इसके तहत आधार के ऑथेंटिकेशन से जुड़े आंकड़े अब ६ महीने से ज्यादा नहीं रखे जा सकते हैं, पहले ५ साल तक रखने का प्रावधान था। कोर्ट ने सरकार से यह भी कहा कि अवैध प्रवासियों और घुसपैठियों को आधार न जारी होने पाए। कोर्ट ने कहा कि जितनी जल्दी मुमकिन हो, आधार के आंकड़ों/सूचनाओं की सुरक्षा के लिए सरकार मजबूत सिक्युरिटी सिस्टम डिवेलप करे। कोर्ट ने कहा कि आधार के लिए इसे रेग्युलेट करने वाली अथॉरिटी यूआईडीएआई ने कम से कम आंकड़े ही जुटाए हैं। कोर्ट ने लोकसभा में आधार विधेयक को मनी बिल के रूप में पास करने को भी सही ठहराया।

एससी/एसटी वर्ग के लोगों के लिए सरकारी नौकरियों में प्रमोशन में आरक्षण का रास्ता सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को साफ कर दिया। पांच जजों की संविधान पीठ ने एकमत से कहा कि प्रमोशन में कोटा देने के लिए उनके पिछड़ेपन के आंकड़े जुटाने की जरूरत नहीं होगी।

## २ अक्टूबर : गाँधी जयंती पर विशेष



गाँधी जयंती एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जो राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देने के लिये हर वर्ष मनाया जाता है। पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रुप में भी इसे मनाया जाता है। १५ जून २००७ को संयुक्त



मुराद हुसैन अन्सारी

राष्ट्र महासभा द्वारा अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रुप में गाँधी जयंती को घोषित किया गया है। मोहनदास करमचन्द गाँधी (२ अक्टूबर १८६९ में जन्म) के जन्म दिवस को याद करने के लिये पूरे देश में गाँधी जयंती को राष्ट्रीय अवकाश के रुप में मनाया जाता है। उनके भारतीय स्वतंत्रता के लिये किये गये अहिंसा आंदोलन से आज भी देश के राजनीतिक नेताओं के साथ-साथ देशी तथा विदेशी युवा नेता भी प्रभावित होते है। पूरे विश्व में बापू के दर्शन, अहिंसा में भरोसा, सिद्धांत आदि को फैलाने के लिये अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रुप में गाँधी जयंती को मनाने का लक्ष्य है। विश्वभर में लोगों की जागरुकता बढ़ाने के लिये उचित क्रियाकलापों पर आधारित विषय-वस्तु के द्वारा इसे मनाया जाता है। भारतीय स्वतंत्रता में उनके योगदानों और महात्मा गाँधी के यादगार जीवन को समाहित करता है गाँधी जयंती। इनका जन्म एक छोटे से तटीय शहर (पोरबंदर, गुजरात) में हुआ था, इन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लिये समर्पित कर दिया जो आज के आधुनिक युग में भी लोगों को प्रभावित करता है।




## संपादकीय...

# 'स्वागतयोग्य फैसला

*उच्चतम न्यायालय ने विशिष्ट पहचान प्रणाली 'आधार' की वैधानिकता पर बुधवार को अपना फैसला सुना दिया। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय आधार परियोजना शुरू होने के बाद से ही सरकार और निजी क्षेत्र दोनों ही पहचान के सहज तरीके के तौर पर आधार का इस्तेमाल करते रहे हैं। सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं के अमल में गड़बड़ी रोकने में इसकी काबिलियत के चलते सार्वजनिक कोष के लिए इसे फायदेमंद होने का दावा किया है। लेकिन इसकी संवैधानिकता और इसके अतिशय इस्तेमाल को लेकर उठ रहे सवाल कायम रहे। खासकर निजता को मौलिक अधिकार बताने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद ये सवाल और भी मौजूं हो गए। लेकिन पांच न्यायाधीशों के पीठ के इस फैसले ने इस बहस पर फिलहाल विराम लगा दिया है। पीठ ने एक के मुकाबले चार के बहुमत से सुनाए फैसले में आधार अधिनियम को संवैधानिक बताया है लेकिन इसके इस्तेमाल पर कड़ी पाबंदियां भी लगाई हैं। यह एक स्वागतयोग्य फैसला है। आधार को विशिष्ट पहचान सुनिश्चित करने के लिए लाया गया था लेकिन इसे स्वैच्छिक ही रखा गया था। हालांकि वक्त बीतने के साथ दूरसंचार कंपनियों, बैंकों और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं जैसे तमाम निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में सेवा देने के लिए आधार को अनिवार्य बनाया जाने लगा। न्यायालय ने इस प्रवृत्ति को अस्वीकार्य बताते हुए कहा है कि आधार स्वैच्छिक ही होगा जिससे अलग होने का विकल्प भी होगा। आधार के जबरन इस्तेमाल को अदालत ने खारिज कर व्यक्तिगत स्वतंत्रता के पक्ष में आवाज बुलंद की है और इसके लिए वह तारीफ की हकदार है। उच्चतम न्यायालय ने आधार अधिनियम की धारा ५७ को भी निरस्त कर दिया है जिसमें निजी कंपनियों को आधार के आंकड़े रखने की अनुमति दी गई थी। अब न तो कोई व्यक्ति या कोई कंपनी किसी से आधार मुहैया कराने की मांग कर सकेगी।*

*हालांकि न्यायालय ने कहा है कि सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार अनिवार्य रहेगा। लेकिन उसने यह भी कहा है कि सत्यापन प्रक्रिया में नाकाम रहने पर उस व्यक्ति को लाभ से वंचित नहीं किया जा सकेगा। करदाताओं को भी अपने पैन कार्ड से आधार क्रमांक जोड?ा होगा। अब लोगों का ध्यान इस फैसले के क्रियान्वयन पर जाएगा। अब सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि आधार का बेवजह इस्तेमाल रोका जाए। न्यायालय को भी अपने इस फैसले के अमल पर नजर रखनी होगी। अतीत में जब उच्चतम न्यायालय ने आधार से जुड़ी ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाई थी तो सरकार ने उसकी अवज्ञा करते हुए आधार का इस्तेमाल और बढ़ा दिया था। इस फैसले के क्रियान्वयन से कुछ चिंताएं भी पैदा होती हैं। मसलन, वित्तीय तकनीक पर आधारित कंपनियों के लिए आधार पर आया फैसला प्रतिकूल हो सकता है। इसी तरह कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच के मामले में भी लाभार्थियों के चयन में भेदभाव एवं अपवाद के सवाल दोबारा खड़े हो सकते हैं। संवैधानिक पीठ के इकलौते असहमत सदस्य न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ के विचार दूरगामी प्रभाव वाले हो सकते हैं। उन्होने राज्यसभा में बहुमत से वंचित सरकार द्वारा आधार अधिनियम को पारित कराने के लिए इसे धन विधेयक के तौर पर पेश करने का तरीका अपनाने पर सख्त एतराज जताया।*

## मनमर्जियां देखने के बाद ट्रोलर ने दी वड़ापाव बेचने की सलाह तो अभिषेक बच्चन ने दिया करारा जवाब



**अपनी** हालिया फिल्म मनमर्जियां को लेकर अभिषेक बच्चन एक बार फिर ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए हैं। दरअसल डॉक्टर हर्षवर्धन काले नाम के एक शख्स ने ट्विटर पर अभिषेक बच्चन का मजाक उड़ाते हुए लिखा- मनमर्जियां बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो चुकी है। एक बार फिर अभिषेक बच्चन ने दिखा दिया कि वो अच्छी से अच्छी फिल्मों को फ्लॉप कराने में माहिर हैं। अब समय आ गया है जब स्टारकिड्स को फिल्में छोड़ वड़ा पाव बेचना शुरू कर देना चाहिए। अभिषेक बच्चन ने ट्रोलर को एक के बाद एक तीन ट्वीट करते ऐसा जवाब दिया कि उनकी बोलती ही बंद हो गई। अपने पहले ट्वीट में अभिषेक ने लिखा मैं पूरी रिस्पेक्ट के साथ कहना चाहूंगा कि इस तरह के कमेंट करने से पहले आप जैसे बड़े डॉक्टर को सारे फैक्ट्स और फिगर्स पढ़ लेने चाहिए। आप अपने मरीजों का इलाज करने से पहले भी ऐसा ही करते होंगे।

आपको ट्वीट करने से पहले फिल्म के इकोनॉमिक्स को भी ठीक तरह से समझ लेना चाहिए।

## सोनाली से हर वीकेंड पर होती है अनुपम की मुलाकात, शर्त लगी है घर पहले कौन जाएगा



**सोनाली** बेन्द्रे इन दिनों न्यूयॉर्क में हाइग्रेड कैंसर का इलाज करवा रही हैं। वहीं एक्टर अनुपम खेर भी अपनी हॉलीवुड सीरीज एनबीसी न्यू एम्सटरडम की शूटिंग कर रहे हैं। इस दौरान वीकेंड्स पर उनकी मुलाकात होती है और दोनों के बीच यह शर्त लगी है कि पहले घर कौन जाएगा। सोनाली ने इसका जिक्र अपने ट्वीट में किया है। ये लिखा है सोनाली ने : सोनाली जुलाई से न्यूयॉर्क में हैं। सोनाली की कीमोथैरेपी चल रही है। इस ट्वीट के जरिए उन्होंने यह बताया कि वे अपने घर और देश वालों को कितना मिस कर रही हैं। सोनाली ने लिखा- सिर्फ इस शो की बदौलत में बेहद मिस किया। उन्होंने लिखा- यह त्योहार हमेशा से मेरे दिल के बेहद करीब रहा है। मैं अपने घर पर गणेश उत्सव का सेलिब्रेशन मिस कर रही हूं। लेकिन फिर भी मैं अपने आप को ब्लेस महसूस करती हूं। आप सबको गणेश चतुर्थी की बधाई। भगवान करे आपकी जिन्दगी में प्यार और खुशियां हों।''

## रक्तदान नहीं कर सकते समलैंगिक

**मुंबई:** अगर आप पुरुष समलैंगिक यानी गे हैं, तो किसी को रक्तदान नहीं कर सकेंगे। रक्तदान के समय भरने वाले नए प्रश्नावली फॉर्म में खास तौर पर ताकीद की गई है कि 'गे' संबंध रखने वाले लोगों का खून न लिया जाए। फॉर्म के प्रश्न क्रमांक १० में यह बात कही गई है।

नाम जाहिर न करने की शर्त पर मनपा ब्लड बैंक के एक डॉक्टर ने कहा कि इस फॉर्म के जारी होने के बाद हमें लोगों से उनके गे होने के बारे में जानकारी लेनी होगी। अगर उन्होंने हां में जवाब दिया तो हमें उनका खून लेने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि, इस तरह की शर्त इस फॉर्म में पहली बार लगाई गई है। कुछ और डॉक्टरों ने इस मुद्दे पर कहा कि यह आदेश तो सरकार और [illegible] की तरफ से आते हैं, हम इस बारे में अपनी राय नहीं रख सकते। समलैंगिक कार्यकर्ता हरीश ने कहा कि यह बेतुका नियम है। खून तो जांच के बाद ही मरीज को चढ़ाया जाता है। फिर इस तरह खून लेने से पहले ही रक्तदाता का तिरस्कार उचित नहीं है। ये हमारे लिए राष्ट्रीय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय फोरम पर उठाने और लड़ने का मुद्दा है। ऐसी मान्यता है कि समलैंगिक लोगों में एचआईवी का प्रमाण ज्यादा होता है। हालांकि रक्तदान करने वाले समलैंगिक लोगों के बारे में इस तरह का कोई भी वैज्ञानिक आधार या 'डाटा' उपलब्ध नहीं है। नए फॉर्म में एचआईबी पीड़ित, हेपेटाइटिस व सिफिलिस पीड़ित, एक से अधिक लोगों से यौन संबंध रखने, समलैंगिकों, वेश्यागमन करने वालों और ड्रग ऐडिक्ट लोगों का खून लेने से मना किया गया है।

## आदिवासियों की जमीन हड़पने का आरोप




**ठाणे:** मुंब्रा-कौसा परिसर में आदिवासियों की जमीन को हड़पने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस ने यह आरोपी बिल्डर, भूमाफिया, वन विभाग के अधिकारियों तथा मनपा अधिकारियों पर लगाया है। वन विभाग और मनपा प्रशासन की अनदेखी से नाराज प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सदस्य मिलिंद खराडे की अगुवाई में मंगलवार को आदिवासी समाज के लोगों ने ठाणे जिलाधिकारी कार्यालय तक मोर्चा निकालकर प्रदर्शन किया। खराडे के अनुसार, प्रभावित आदिवासी परिवार मनपा आयुक्त से मुलाकात करना चाहते हैं, लेकिन अधिकारी मिलने नहीं देते। मोर्चे के दौरान ठाणे जिलाधिकारी राजेश नार्वेकर को ज्ञापन देकर मुंब्रा में बिल्डरों की तरफ से की गई अतिक्रमण वाली जमीन आदिवासियों को वापस देने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि मुंब्रा के सर्वे क्रमांक ११८ की आदिवासी जमीन पर तथाकथित बिल्डर मनपा अधिकारियों से सांठ-गांठ कर इमारत बना रहे हैं और आदिवासियों के फर्जी हस्ताक्षर से यह काम हो रहा है। इसके साथ ही सर्वे क्रमांक ११५, १३८ और १६१ की वन विभाग की जमीन पर भी अतिक्रमण किया जा रहा है। जिलाधिकारी नार्वेकर से मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई।

## अंबेडकर ने पवार के दावे को झूठा बताया

**मुंबई:** भारिपा बहुजन महासंघ के नेता प्रकाश आंबेडकर ने राकांपा प्रमुख शरद पवार के उस दावे को झूठा बताया है, जिसमें पवार ने प्रकाश आंबेडकर को १९९८ में अकोला से लोकसभा चुनाव जीतने में मदद करने का दावा किया था। बता दें कि पिछले दिनों आंबेडकर ने बयान दिया था कि शरद पवार तो धर्मनिरपेक्ष हैं, लेकिन उनकी पार्टी धर्मनिरपेक्ष नहीं है। इसके बाद पवार ने आंबेडकर के इस आरोप का जवाब देते हुए कहा था कि अगर राकांपा धर्मनिरपेक्ष पार्टी नहीं है, तो आंबेडकर ने १९९८ के चुनाव में उसकी मदद क्यों ली थी/ पवार की इस टिप्पणी के विरोध में सोमवार को आंबेडकर ने पत्रकारों से कहा कि पवार 'झूठ' बोल रहे हैं कि २० साल पहले उन्होंने उन्हें चुनाव जीतने में मदद की थी। आंबेडकर ने कहा, 'पवार को झूठ नहीं बोलना चाहिए था कि उनके समर्थन से १९९७-९८ में लोकसभा चुनाव में मेरी जीत हुई। मेरी तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी से एक समझ कायम हुई थी। पवार का उससे कोई लेना-देना नही था।'

## दिलीप ताहिल को मिली जमानत, लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप

**मुंबई:** ऑटोरिक्शा में सवार प्रेमी युगल को अपनी कार से टक्कर मारकर घायल करने के मामले में गिरफ्तार अभिनेता दलीप ताहिल को स्थानीय अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया है। दिलीप पर रविवार को नशे में धुत होकर खार में अपने सामने जा रहे ऑटोरिक्शा को टक्कर मारकर भागने का आरोप है। हालांकि, गणपति विर्सजन की वजह से सड़क पर भीड़ थी। इस वजह से वह मौके से भागने में कामयाब नहीं हो सके। बताया जा रहा है कि ऑटो में एक युवक और युवती बैठे हुए थे, जो हादसे में बुरी तरह से जख्मी हो गए। हालांकि, दोनों ने हिम्मत दिखाते हुए दिलीप को पकड़ लिया और पुलिस को कॉल कर दिया। मौके पर पहुंची खार पुलिस ने दिलीप को लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले में गिरफ्तार कर उन्हें सोमवार को स्थानीय अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई। मामले की जांच खार पुलिस कर रही है। दिलीप द्वारा नशे का सेवन करने की पुष्टि नहीं हुई है।

## आयुष्मान भारत योजना पर राकांपा ने उठाया सवाल

**मुंबईः** महाराष्ट्र में रविवार से लागू केंद्र सरकार की 'आयुष्मान भारत' योजना में राज्य के सवा करोड़ परिवारों को नजरअंदाज करने का आरोप राकांपा ने भाजपा पर लगाया है। राकांपा नेताओं द्वारा ट्विटर पर चलाई जा रही मुहिम '५६ इंच के सीने वाले से ५६ सवाल' के तहत सवाल पूछा है कि महाराष्ट्र में केवल ८४ लाख परिवारों को ही क्यों आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना में शामिल किया गया है, जबकि राज्य की अपनी स्वास्थ्य योजना 'महात्मा फुले जन आरोग्य योजना' गरीबी रेखा (बीपीएल) के नीचे रहने वाले करीब २.२ करोड़ परिवारों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करती है। राकांपा नेताओं अजित पवार, धनंजय मुंडे, जयंत पाटील, सुप्रिया सुले और नवाब मलिक ने अपने ट्विटर अकांउटों पर सवाल पूछा है, 'क्या सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे वाले अन्य १.२५ करोड़ परिवारों को नजरअंदाज कर दिया है.

## ८ महीने बाद अपहृत मिली, लेकिन गर्भवती

**ठाणे:** ठाणे पुलिस के अनैतिक मानव तस्करी निरोधी प्रकोष्ठ ने ८ महीने पहले हुए नाबालिग के अपहरण की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने आरोपी जीतू शर्मा को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर गर्भवती नाबालिग को मुक्त कराया है। ठाणे शहर के खारटन रोड स्थित नागसेन नगर निवासी नाबालिग को जीतू पिछले साल ३१ दिसंबर को भगा ले गया था। घरवालों की शिकायत पर ठाणे नगर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था। बहुत खोजबीन के बाद जब कोई को सुराग नहीं मिला, तो मामला ठाणे पुलिस के अनैतिक मानव तस्करी निरोधी प्रकोष्ठ को सौंप दिया गया।

### 'प्रतिस्पर्धी परीक्षा के अनुसार तैयारी जरूरी'

मुंबई: विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षा में सफलता के लिए तैयारी के क्रम में पढ़ने की आदत, संचार कौशल को प्रभावी ढंग से विकसित करने की जरूरत है। यह बात महापौर विश्वनाथ महाडेश्वर ने स्कॉलरशिप परीक्षा में सफल छात्रों के सत्कार समारोह में कही। महाडेश्वर ने कहा कि देश की अगली पीढ़ी को तैयार कर रहे शिक्षकों का सम्मान होना ही चाहिए। विलेपार्ले में आयोजित कार्यक्रम में २०९ विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर डीएमसी मिलीन सावंत, शिक्षणाधिकारी महेश पालकर, शिक्षण समिति सदस्य सुरेंद्र सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### रत्नागिरी रिफाइनरी के लिए विशेषज्ञ समिति

मुंबई, शिवसेना के तमाम विरोध को ठेंगा दिखाते हुए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें कोकण में बनने वाली पेट्रोलियम रिफाइनरी के मुद्दे पर लगातार आगे बढ़ रही है। पहले इस रिफाइनरी के लिए सऊदी अरब की कंपनियों से करार के बाद अब अधिग्रहण और पुनर्वास से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। राज्य के पूर्व मुख्य सचिव और पूर्व केंद्रीय शहरी विकास सचिव डी.एम. सुकथनकर को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति को छह महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

## सुरक्षा करने वाली CRPF को सुविधाएं नहीं

**कल्याण:** डोंबिवली, कोपर, ठाकुर्ली की सुरक्षा करने वाले रेलवे सुरक्षा बल को सुविधाओं की दरकार है। सुरक्षा बल कार्यालय में आरपीएफ के लोग असुविधाओं का सामना कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, आरपीएफ का कार्यालय डोंबिवली के रामनगर टिकट कार्यालय के पास १० वर्षों से है। यह जगह इनको कुछ दिनों के लिए दी गई थी। पहले आरपीएफ का कार्यालय ठाकुर्ली पावर हाउस के पास था। विभागीय रेलवे प्रबंधक संजय जैन ने हाल में आरपीएफ कार्यालय का दौरा किया। वहां की स्थिति देखकर वह हैरान रह गए। यहां जवानों के लिए न तो ढंग के शौचालय हैं, न महिला पुलिसकर्मियों को कपड़े बदलने के लिए कमरे। किसी आरोपी को रखने के लिए भी कोई कमरा नहीं है। आरोपी को कोर्ट तक ले जाने के लिए कोई गाड़ी भी नहीं है, उसे तलोजा जेल ले जाने के लिए ऑटो रिक्शा का सहारा लेना पड़ता है। यहां ३६ कर्मचारी काम करते हैं। स्थिति देखने के बाद जैन ने रेलवे अधिकारियों को आदेश दिया।

## तासगांवकर कॉलेज को ईपीएफओ का नोटिस




**मुंबई,** कर्जत के तासगांवकर कॉलेज पर शिक्षकों और कर्मचारियों को वेतन नहीं देने पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) का शिकंजा कस गया है। संगठन के वाशी विभागीय कार्यालय ने कर्मचारियों की शिकायत पर बड़ा कदम उठाते हुए कॉलेज परिसर में संपत्ति जब्त करने का नोटिस चस्पा किया है। संगठन के इस कदम पर जहां शिक्षक और कर्मचारियों ने खुशी जताई है, वहीं मुंबई विश्वविद्यालय की चुप्पी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

मुक्ता शिक्षक संगठन के मुताबिक, दूसरी जांच एजेंसियां कर्मचारियों की शिकायत पर गंभीर हैं, लेकिन मुंबई विश्वविद्यालय के पास इसके लिए समय नहीं है। संगठन के महासचिव प्रा. सुभाष आठवले ने बताया कि तासगांवकर कॉलेज परसिर में पीएफ कार्यालय की तरफ से संपत्ति जब्त करने का नोटिस चस्पा किया गया है। इस परिसर में लगभग ६ कॉलेज हैं। पिछले १७ महीने से कॉलेज की तरफ से वेतन नहीं दिया जा रहा था। इससे शिक्षकों और कर्मचारियों का गुजारा मुश्किल हो गया था। आखिरकार पूरे मामले की शिकायत मुक्ता शिक्षक संगठन को विभिन्न स्थानों पर करनी पड़ी। इसी के चलते एआईसीटीई ने कॉलेज में प्रथम वर्ष में प्रवेश पर रोक लगाने का नोटिस जारी किया था। अब कर्मचारियों का पीएफ जमा नहीं करने के कारण कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की तरफ से संपत्ति जब्त करने का नोटिस जारी किया है और संस्थान के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पीएफ संगठन ने कर्मचारियों के शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की है। इस बारे में ईपीएफओ कार्यालय से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## बच्चे के ऊपर से गुजर गई कार, नहीं आई खरोंच

**मुंबई,** किसी ने ठीक ही कहा कि 'जाको राखे साइयां, मार सके न कोय।' इसकी जीती-जागती मिसाल २४ सिंतबर को चेंबूर में उस वक्त देखने को मिली, जब एक कार चालक की लापरवाही से करीब ७ साल का एक बच्चा कार के नीचे आ गया। इतना ही नहीं, कार उस बच्चे के ऊपर से पूरी तरह से निकल गई। लेकिन यह आश्चर्यजनक ही है कि बच्चे को खरोंच तक नहीं आई।

पूरी घटना मौके पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वायरल विडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि सूनी सड़क पर कुछ बच्चे स्ट्रीट लाइट की पीली रोशनी में फुटबॉल खेल रहे हैं। उन बच्चों में से करीब ७ साल का एक बच्चा सड़क किनारे बैठकर अपने जूते को ठीक करने लग जाता है। लाल रंग की टी-शर्ट पहने यह बच्चा जिस कार के पास बैठकर जूते ठीक कर रहा था, अचानक उस कार की लाइट जल उठती हैं। कार में बैठी महिला कार चालक उस बच्चे को नहीं देखती और कार को बच्चे के ऊपर से निकाल देती है। सीसीटीवी में कैद घटना को देखकर पहले तो यही अंदेशा होता है कि बच्चा कार के पहिए के नीचे आकर बुरी तरह से जख्मी हो गया होगा या उसने दम तोड़ दिया होगा। मगर, कार के वहां से गुजरते ही बच्चा अचानक उठकर बैठ जाता है। इसके बाद मौके पर अन्य बच्चे वहां आकर उसको लेकर ले जाते हैं। बताया जा रह है कि कार चालक महिला को यह नहीं पता होता है कि आगे कोई बच्चा बैठा हुआ है। उसने स्थानीय पुलिस को बताया कि उसको कार चलाने के दौरान सामने कोई बच्चा नहीं दिखाई दिया और वह रोजाना की तरह कार चलाते हुए वहां से निकल गई। कुछ दूर जाने के बाद उसे अहसास हुआ कि उसकी कार के नीचे कोई बच्चा आ गया था। एक अन्य वायरल सीसीटीवी में दिखाई देता है कि बच्चे ने समझदारी का परिचय दिया और वह जब कार के नीचे आता है, तो खुद को कार के बीचों-बीच अपने आप को समेट लेता है। इससे न सिर्फ उसकी जान बच गई, बल्कि उसके शरीर पर एक खरोंच तक नहीं आई।

## इंद्राणी को जे.जे. से मिली छुट्टी

**मुंबई :** सिर में दर्द और आंखों में दिक्कत की शिकायत के बाद शीना बोरा मर्डर केस में मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को सोमवार की शाम एक बार फिर से जे.जे. अस्पताल में भर्ती किया गया। भर्ती के बाद डॉक्टरों द्वारा इंद्राणी की जांच कर सोमवार की देर शाम उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी गई। अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. संजय सुरासे ने कहा कि जांच के बाद इंद्राणी की स्थिति सामान्य पाई गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## शालिनी भारत 'टिस' की डायरेक्टर

**मुंबई:** प्रफेसर शालिनी भारत को 'टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस' (टिस) का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। फरवरी २०१८ में पिछले डायरेक्टर प्रफेसर परशुरामन के रिटायर होने के बाद से वे कार्यकारी निदेशक के तौर पर काम कर रही थीं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से गोल्ड मेडलिस्ट एम.ए. और वहीं से उन्होंने पीएचडी की। सितंबर १९८४ में वे 'टिस' में लेक्चरर के तौर पर जुड़ीं और जुलाई २००० में प्रफेसर नियुक्त हुईं। वे यहां डेप्यूटी डायरेक्टर भी रहीं।

## बीएमडब्ल्यू चालक कारोबारी गिरफ्तार

**मुंबई:** मालाड पुलिस ने ४९ वर्षीय कारोबारी को लापरवाही से बीएमडब्ल्यू गाड़ी चलाकर बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार कर उन्हें जख्मी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम चिंतन शाह है, जो मुलुंड में रहता है। वह मल्टिमीडिया कंपनी चलाता है। गोरेगांव निवासी शिकायतकर्ता आर्किटेक्चर चेरिथ जोशी (२१) ने पुलिस को बताया कि वह और कारोबारी राकेश मिश्र (३५) शनिवार रात को आर रहे थे। गोरेगांव लिंक रोड पर इनॉर्बिट मॉल के पास कार चालक ने उन्हें टक्कर मारा और भाग गया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है, जबकि आरोपी शाह को स्थानीय कोर्ट से जमानत मिल गई है। हालांकि, पुलिस ने शाह द्वारा नशे के सेवन करने की खबर से इनकार किया है।

## मामा पर लगा भांजी से दुष्कर्म का आरोप

**मुंबई:** कुरार पुलिस ने २१ वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ नाबालिग भांजी का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। पुलिस ने पीड़िता का बयान लेकर उसे मेडिकल के लिए अस्पताल भेज दिया है। घटना की जांच जारी है।

## गणेश भक्तों के २५० मोबाइल ले उड़े चोर

**मुंबई:** गणपति विसर्जन के दौरान लालबाग का राजा का दर्शन करने आए १६१ गणेश भक्तों ने कालाचौकी पुलिस थाने में मोबाइल चोरी हो जाने की शिकायत दर्ज कराई हैं। लोगों की शिकायत दर्ज करने के लिए कालाचौकी पुलिस द्वारा दैनिक डेस्क के अलावा पांच अलग डेस्क बनाए गए थे। मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई पुलिस द्वारा गणपति विर्सजन के दिन सभी थानों में २५० से अधिक मोबाइलें चोरी होने की शिकायत दर्ज हुई है।

## ऑटोरिक्शा में नाबालिग से दुष्कर्म

**मुंबई:** ऑटोरिक्शा में नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में मालाड पुलिस ने ३० वर्षीय एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, घटना पांच दिन पहले की है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसे स्थानीय कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पहले पुलिस हिरासत और सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## पालघर एसपी से मिली रेप पीड़िता

**मुंबई:** सहायक पुलिस निरीक्षक पति के खिलाफ बलात्कार और अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप लगाने वाली पीड़िता सोमवार को पालघर के पुलिस अधिक्षक गौरव सिंह से मिली। पीड़िता ने नालासोपारा पुलिस के सीनियर पीआई द्वारा मामले के प्रति बरती जा रही लापरवाही के बारे में जानकारी देते हुए आरोपी को जल्दी से गिरफ्तार किए जाने की मांग की। एसपी ने पीड़िता को भरोसा दिया है कि पुलिस जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तार कर लेगी। आरोपी बोरीवली जीआरपी में एपीआई है, जो मामला दर्ज होने के बाद से फरार है।

## अगवा कर तीन युवकों पर जानलेवा हमला

**वसई:** वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के गौराईपाडा इलाके से विगत दिवस रात ११ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर तीन युवकों को अगवा कर सुनसान जगह ले जाकर लोहे के सरिए व स्टिक से जम कर पिटाई की। बुरी तरह जख्मी तीनों युवकों का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वारदात के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। जख्मी युवक की शिकायत पर पुलिस धारा ३०७, ३६४, १४३,१४७,१४९, ५०६ के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। वालीव के गौराईपाडा स्थित भोईर नगर निवासी धर्मेंद्र तहसीलदार यादव ने पुलिस को बताया कि उसके छोटे भाई वीरेंद्र यादव का सूरज, मर्दा, गांधी व विवेक से कई महीनों पहले किसी बात पर विवाद हुआ था। इसी की रंजिश में गुरुवार की रात सूरज, मर्दा, गांधी, विवेक, याकूब, लंगड़ा व अन्य पांच युवक धर्मेंद्र के घर पर आए और गाली गलौज व मारपीट करने लगे। फिर वे लोग धर्मेंद्र यादव, राजेश यादव व नरेंद्र यादव को अगवा कर बिलालपाडा स्थित शीतलादेवी मंदिर के पास ले गए, जहां तीनों की जमकर पिटाई कर दी।

## पश्चिम रेलवे ने वसूला ८ करोड़ का जुर्माना

**मुंबई:** पश्चिम रेलवे द्वारा अगस्त २०१८ में बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इसके परिणामस्वरूप बिना बुक किए गए सामान के प्रकरणों सहित बिना टिकट यात्रा/अनियमित यात्रा के लगभग १.९२ लाख मामले पकड़े गए। इन मामलों में ८.०२ करोड़ रुपये जुर्माना स्वरूप प्राप्त किए गए, जो पिछले वर्ष की आलोच्य अवधि में वसूले गए जुर्माने से १८.६५ प्रतिशत अधिक हैं। इसके अतिरिक्त २३४ भिखारियों और ६१६ अनधिकृत फेरीवालों को रेल परिसर से जुर्माना वसूल कर बाहर किया गया और १७६ व्यक्तियों को जेल भेजा गया। पश्चिम रेलवे द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अगस्त २०१८ के दौरान, दलालों और असामाजिक तत्त्वों के विरुद्ध पश्चिम रेलवे के वाणिज्य विभाग द्वारा २२० जांचें आयोजित की गईं। इनके परिणामस्वरूप १९५ व्यक्तियों को पकड़ा गया और रेल अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा चलाकर उनसे जुर्माना प्राप्त किया गया।

## टूट रही है एमआईएम

**मुंबई,** महाराष्ट्र में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआईएम) टूटती जा रही है। सोमवार को एमआईएम के कार्यकर्ता व पदाधिकारी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। इससे पहले बड़ी तादाद में लोग भाजपा में शामिल हुए थे। औरंगाबाद जिला उपाध्यक्ष फैसल मोईन सहित पार्टी के दर्जनभर कार्यकर्ता एमआईएम छोड़ सपा में शामिल हो गए। सपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक अबू आसिम आजमी ने इन लोगों का पार्टी में स्वागत किया। खुद को एमआईएम का संस्थापक सदस्य बताने वाले मोईन ने बताया कि एमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी दोहरा मापदंड अपनाते हैं। चुनाव के वक्त जो घोषणाएं कीं, उन्हें पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह ओवैसी भी केवल घोषणाएं करते हैं। ओवैसी सिर्फ कागजी शेर बनकर रह गए हैं। हमें एमआईएम की जातिवादी राजनीति समझ में आ गई है, इसलिए हमने पार्टी छोड़ने का फैसला किया है।

## कुष्ठ रोगियों को खोजेंगे ७१००० दस्ते

**मुंबई,** राज्य भर में ७१,२९७ खोजी दस्ते घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की तलाश करेंगे। यह दस्ते आगामी १४ दिनों में करीबन साढ़े आठ करोड़ लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. दीपक सावंत के अनुसार, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग निर्मूलन कार्यक्रम के तहत २४ सितंबर से ९ अक्टूबर तक राज्य के ३५ जिलों व ३५५ तहसीलों में कुष्ठ रोग जांच अभियान चलाया जाएगा। २०१७-१८ में २२ जिलों में तलाशी अभियान चलाया गया था। हर एक गांव में स्थानीय आशा कार्यकर्ता व एक पुरुष स्वयंसेवक का दस्ता तैयार कर चार करोड़ ५९ लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच कराई गई थी, जिसमें एक लाख ६४ हजार ९६४ संदिग्ध रोगियों का पता चला। इनका उपचार शुरू किया गया। साल २०१६-१७ में राज्य के १६ जिलों में कुष्ठ रोग शोध अभियान चलाया गया। अभियान में ४,१३८ नए कुष्ठ रोगियों का पता चला। साल २०१५-१६ में पांच जिलों में १६६ रोगियों का इलाज किया गया।

## डॉ. सुल्तान प्रधान को धन्वंतरि पुरस्कार

**मुंबई :** जाने-माने कैंसर सर्जन डॉ. सुल्तान प्रधान इस वर्ष चिकित्सा विधा में महत्वपूर्ण माने जाने वाले धन्वंतरि पुरस्कार के विजेता हैं। पुरस्कार की घोषणा धन्वतंरि मेडिकल फाउंडेशन और डॉ. बी. के. गोयल हार्ट फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी राहुल बी. गोयल ने की। उन्हें यह पुरस्कार ७ अक्टूबर की शाम को ताजमहल होटल में आयोजित एक समारोह में महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. विद्यासागर राव प्रदान करेंगे। प्रमुख अतिथियों के रूप में मौजूद होंगे पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री सुशीलकुमार शिंदे और जाने-माने क्रिकेटर कपिल देव। डॉ. सुल्तान प्रिंस अली खान अस्पताल में कैंसर विभाग के प्रमुख हैं। वे हर साल ढाई हजार से ज्यादा कैंसर सर्जरी करते हैं।

# ९ महीने बाद सुरंग से आरपार हुई टनल बोरिंग मशीन

**मुंबई:** गत ८ जनवरी २०१८ को मेट्रो-३ के एक सेक्शन के लिए टनल बोरिंग मशीन द्वारा सुरंग का काम शुरू किया गया था। ये मशीन पाली (मरोल) के शाफ्ट में उतारी गई थी। २४ सितंबर २०१८ को यह मशीन १.२६ किमी टनल का काम पूरा करके एयरपोर्ट टर्मिनल-२ के पास स्थित शाफ्ट से टीबीएम बाहर आई। मरोल से टी-२ की यह दूरी तय करने में टीबीएम को २५९ दिन लगे हैं। यह पहली टीबीएम (वैनगंगा-१) मशीन है, जो निर्धारित सेक्शन में काम करके बाहर निकली है। ३३.५ किमी लंबे मेट्रो-३ कॉरिडोर के लिए ७ शाफ्ट बनाए गए हैं। १.२६ किमी के काम के लिए २५० इंजिनियर और उनकी टीमें लगी हुई थीं।



**मुंबई में होगा मेट्रो का जाल**


भविष्य में मुंबई लोकल हो या मेट्रो, इन सभी लाइनों को जोड़ा जाएगा। मेट्रो-३ के पैकेज-७ को भी मरोल नाका स्थित वर्सोवा-अंधेरी-घटकोपर मेट्रो-१ और जोगेश्वरी वर्सोवा लिंक रोड के पास स्वामी समर्थ नगर-जोगेश्वरी-कांजूरमार्ग-विक्रोली मेट्रो-६ से जोड़ा जाएगा। मेट्रो-३ परियोजना पूरी तरह से अंडर ग्राउंड है। एमएमआरसीएल के मुताबिक अब तक मेट्रो-३ की ९ किलोमीटर सुरंग का काम पूरा हो चुका है। १४ टनल बोरिंग मशीनें मुंबई के विभिन्न इलाकों में अंडर ग्राउंड टनल की खुदाई कर रही हैं।

**तेज रफ्तार के लिए धीमी चाल**

वैनगंगा-१ टीबीएम से रोजाना ४.६ मीटर सुरंग बनती है। ये मशीन ९२ मीटर लंबी है। सुरंग बनाते हुए इस मशीन द्वारा रोजाना ९०१ सीमेंट की रिंग भी फिट कर दी जाती है, जो सुरंग की दीवार को सुरक्षित करती हैं। अब तक के काम में कुल १९,४०,२५४ क्यूबिक मीटर कीचड़-मिट्टी निकल चुकी है। इस पूरी मिट्टी को तलावाली पिसे में ठिकाने लगाया जाएगा। अब तक कॉन्ट्रैक्टर द्वारा कुल २.५ क्यूबिक मीटर मिट्टी को ठिकाने लगाया जा चुका है। अब तक १७ टीबीएम मशीनें सुरंग के काम में लगी हुई हैं। अगले महीने तक ३ और मशीनें सुरंग के काम में लग जाएंगी।

# सीएम के आने से आलू-प्याज के व्यापारियों को होगा नुकसान

**नवी मुंबई,** नवी मुंबई के थोक कांदा-बटाटा मार्केट में बिना गालाधारक व्यवसाय कर रहे १७५ व्यापारियों पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आगमन की तगड़ी मार पड़ी है। मुख्यमंत्री २५ सितंबर को वाशी स्थित आलू-प्याज थोक बाजार स्थित नीलामी घर में आयोजित कार्यक्रम में आने वाले हैं।



नीलामी घर में आयोजित यह कार्यक्रम माथाडी मजदूरों के भगवान समझे जाने वाले अण्णासाहेब पाटील की ७९वीं जयंती के उपलक्ष्य में रखा गया है। पूरे थोक बाजार में यह सबसे बड़ी छत वाली खुली इमारत है। इस नीलामी घर में हर साल अण्णासाहेब पाटील से संबंधित तीन कार्यक्रम होते हैं। इसके चलते जब भी कार्यक्रम होता है, तब यहां अपना व्यापार कर रहे करीब १७५ बिना गालाधारक कांदा-बटाटा व्यापारियों को उनके समस्त सामान सहित चार दिनों तक के लिए नीलामी घर से जबरन हटा दिया जाता है।

**चार दिनों तक व्यापार ठप**

बिना गालाधारक थोक व्यापारियों, माथाडी मजदूरों तथा ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों का सब काम-धंधा चार दिन पहले से बंद हो गया है। यहां दो पीढ़ियों से अपना व्यवसाय कर रहे थोक व्यापारी ज्ञानेश्वर ढेंबरे ने एनबीटी को बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन से तीन दिन पहले से ही १७५ बिना गालाधारक व्यापारियों को हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री के आगमन से सभी व्यापारी व्यापार नहीं कर पाएंगे।

**३.६५ करोड़ रुपये की हानि**

इन चार दिनों में कांदा-बटाटा बाजार के नीलामी घर के व्यापार को करीब ३.६५ करोड़ रुपये की हानि होगी। इसमें दैनिक व्यापार के तीन दिनों तक ठप रहने से करीब २ करोड़ होने वाले ६८ लाख रुपये के व्यापार का नुकसान, बिना गालाधारक १७५ व्यापारियों के ६.५० प्रतिशत कमीशन के रूप में करीब १७ लाख रुपये, तीन से चार दिनों तक लोडिंग व अनलोडिंग बंद रहने से माथाडी मजदूरों की मजदूरी के रूप में करीब ६ लाख रुपये और स्वयं बाजार समिति को मिलने वाले करीब २.२५ लाख रुपये शुल्क का नुकसान होगा। यहां के ट्रांसपोर्टरों को भी चार दिनों तक बिना किसी धंधे के बैठना पड़ेगा।

इन सबके अलावा, बचे हुए कांदा-बटाटा को उठाने, चार दिनों तक ट्रकों में रखने के किराए और इस दौरान कांदा-बटाटा के सड़ने आदि से कुल करीब ५० लाख रुपये का नुकसान अलग से उठाना पड़ेगा।

# निविदाओं का 'कचरा'

**भिवंडी:** भिवंडी मनपा में कचरा उठाने की निविदा का मजाक बन गया है। नियम-कायदों और विरोध को दरकिनार कर यहां एक के बाद एक दो निविदाएं निकाली गईं। कायदे से इन्हें रद्द होना चाहिए था, लेकिन मंजूर कर दिया गया। भिवंडी मनपा सवालों के घेरे में है। सबसे पहले १२ जुलाई की महासभा में निविदा मंजूर की गई थी। इसके बाद नगरसेवकों ने लिखित तौर पर इस पर एतराज जताया, तो प्रस्ताव को महासभा में रद्द किए बगैर इसे ३० जुलाई को महासभा की विषय सूची के तहत लाया गया। इस पर विरोधी पक्ष के नेता सहित अधिकतर नगरसेवकों ने मनपा आयुक्त की मौजूदगी में आरोप लगाया कि ठेकेदार ने निविदा भरने में ठगी की है। आरोप के बाद बावजूद मनपा आयुक्त ने ठेकेदार पर कार्रवाई न करते हुए इस प्रस्ताव को मंजूर बताया। दबाव बढ़ने पर इसे कानूनी जामा पहनाने की कोशिश की गई। इसके तहत




आधे नवनिर्वाचित सदस्यों और पुराने चेयरमैन की अध्यक्षता में स्थायी समिति की बैठक बुलाई गई और इसे पास करने की नाकाम कोशिश की गई। हालांकि विरोध के चलते आयुक्त और स्वास्थ्य विभाग के मुखिया की गैरहाजिरी के कारण प्रस्ताव लटक गया। नियमानुसार, १२ और ३० जुलाई को मंजूर किए गए प्रस्ताव को ३ महीने बाद महासभा में लाकर रद्द किया जाना चाहिए था, लेकिन मामूली फेरबदल के साथ नई निविदा निकाली गई। स्वच्छ भारत अभियान में भिवंडी को चौथा स्थान मिला है। केंद्र सरकार के पुरस्कार सहित भिवंडी शहर को ५० करोड़ रुपये से अधिक का विशेष आर्थिक पैकेज देने के लिए डीपीआर केंद्र की अधिकृत संस्था ने पहले ही दे दिया है।

# श्मशान का 'अंतिम संस्कार'

**ठाणे:** ठाणे मनपा की तरफ से मॉडेला चेकनाका स्थित प्लॉट से आरक्षित श्मशान भूमि हटाए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। श्मशान भूमि को उसी स्थान पर बनाए जाने की मांग को लेकर सोमवार सुबह स्वाभिमान संगठन की तरफ से प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर आंदोलन किया गया।

स्वाभिमान संगठन के ठाणे शहर अध्यक्ष विजय त्रिपाठी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मॉडेला चेकनाका स्थित प्लॉट के करीब जमा हुए और उन्होंने प्रतीकात्मक शव रखकर मनपा के खिलाफ नारेबाजी की। संगठन के लोगों ने प्लॉट में घुसने की कोशिश की और हंगामा किया। इस दौरान लोगों की वहां तैनात पुलिसकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प भी हुई। त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि मनपा में सत्तासीन दल और डिवेलपर ने मिलीभगत कर श्मशान भूमि को हटाया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि जब तक श्मशान भूमि वहीं नहीं मिलती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संगठन लंबे समय से आंदोलन कर रहा है। २०१३ में तत्कालीन मनपा आयुक्त असीम गुप्ता के कार्यकाल में इस बारे में एक प्रस्ताव महासभा में पेश किया गया था और महासभा में सर्वसम्मति से श्मशान भूमि बनाने को मंजूरी दी गई थी।

# संजय निरुपम का निशाना, कहा-राफेल घोटाले में सीधे शामिल हैं प्रधानमंत्री मोदी

**मुंबई.** राफले डील को लेकर चल रहे विवादों के बीच अब मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष संजय निरुपम ने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि वे राफले घोटाले में शामिल हैं। निरुपम ने कहा कि यह सदी का सबसे बड़ा घोटाला है और पूर्व फ्रांसीसी राष्ट्रपति फ्रैंकोइस होलैंड के बयान के बाद, यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी सीधे घोटाले का हिस्सा हैं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए निरुपम ने कहा की 'हॉलैंड ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत सरकार ने उन्हें रिलायंस को चुनने के अलावा कोई विकल्प मुहैया नहीं कराया था, सौदा होने से १० दिन पहले रिलायंस डिफेंस रजिस्टर हुआ था।' इसी बात को आगे बढ़ाते हुए महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चव्हाण ने कहा कि कांग्रेस २७ सितंबर को राफेल घोटाले के खिलाफ मुंबई में प्रदर्शन करेगी। यह सुबह ११:०० बजे शुरू होगा और एक रैली महलक्ष्मी रेस कोर्स से अगस्त क्रांति मैदान तक की जाएगी। मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष संजय निरुपम ने पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों पर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार असंवेदनशील हो गई है। महाराष्ट्र के १३ शहरों में पेट्रोल ९० से अधिक के लिए बेचा जा रहा है, लेकिन सरकार पेट्रोल और डीजल के दाम कम करने को तैयार नहीं दिख रही है। अगले साल होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों को देखते हुए कांग्रेस ने महाराष्ट्र में अपना 'लोक संपर्क अभियान' लॉन्च किया है, जहां वे मौजूदा सरकार से संबंधित मुद्दों के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे।

# सीसीटीवी में कैद हुई मोबाइल चोरी की घटना

## विदेशी बनकर आई, लेकिन चोर निकली

**मुंबई:** किसी भी दुर्घटना में सबूत के तौर पर सीसीटीवी सबसे बड़ा मददगार है। ताजा घटना मुलुंड पुलिस के तहत एक मोबाइल दुकान की है, जहां खुद को विदेशी बताकर मोबाइल दुकान में एक महिला मोबाइल चोरी करते हुए सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना का विडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस के अनुसार, सोमवार सुबह कुछ लोग मोबाइल की दुकान में आए थे, जिनमें वह महिला भी थी, जो खुद को विदेशी बता रही थी। अंदर घुसते ही उसने दुकानदार प्रकाश लोहार से कहा कि वह विदेशी नागरिक है और उसे मनी एक्सचेंज कराना है। वायरल क्लिप में साफ दिख रहा है कि दुकानदार



और उसकी सहयोगी महिला काम में व्यस्त हैं। इसी बीच, कुछ महिलाएं दाखिल होती हैं। एक महिला दुकान में इधर-उधर कुछ देखती है। जैसे ही महिला दुकानदार एक व्यक्ति को मोबाइल दिखाती है कि मौके का फायदा उठाकर टहलने वाली महिला काउंटर पर रखे मोबाइल में से एक मोबाइल उठा लेती है और उसे अपने बैग में डालती है। इसके बाद, काउंटर पर जाकर महिला दुकानदार से मोबाइल दिखाने के लिए कहती है। मोबाइल पसंद न आने का बहाना कर वह बाहर निकल जाती है। इसके अलावा, दुकान में मौजूद बाकी ग्राहक भी निकल लेते हैं, जिससे पुलिस को शक है कि ये लोग भी महिला के साथ मिले हो सकते हैं। मुलुंड पुलिस के अनुसार, चोरी की घटना मुलुंड के फडके रोड स्थित नील टेलिकॉम सेंटर की है।

**६ सितंबर २०१८:** गोविंद भवन भूमि नामक सोसायटी की १२वीं मंजिल पर रहने वाले ४८ वर्षीय एक कारोबारी के घर में डकैती की घटना सीसीटीवी में कैद।

**१८ सितंबर २०१८:** मुख्यमंत्री फडणवीस की महिला ओएसडी का पर्स और मोबाइल चुराने वाले ठकठक गैंग की कारस्तानी सीसीटीवी में कैद।


**९ अगस्त २०१८:** एक नामचीन मोबाइल गैलरी में मैनेजर दीपक ने महिला से बदसलूकी की थी। पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हुआ।

**४ अगस्त २०१८:** बंद फ्लैटों से १८ लाख रुपये चोरी करते हुए समीर पाढ़ी और रोहित यादव सीसीटीवी में कैद हुए।

# जोन -११ और १२ के अंतर्गत क्लब ९ न्यू पार्क साईट, उत्सव-एस. ४ यू, रंगोली, दावत, टकिला, चाईना गेट बीयर बार में अश्लील डांस

**एम. आर. शेख**

**मुंबई ।** मुंबई के बांगुर नगर पुलिस स्टेशन में टकिला, चाईना गेट, कांदिवली पुलिस स्टेशन में - एस. ४ यू, रंगोली, दावत और कस्तूरबा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत क्लब ९, न्यू पार्क साईट, उत्सव बीयर बार हैं जहां कानून को ताक पर रखकर अश्लील डांस का अवैध कारोबार चलाया जा रहा है।



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इनमें से कुछ बीयर बार ऐसे हैं, जो सुबह ४ बजे तक खुले रहते हैं। इन बीयर बारों में देर रात तक चल रहा है अश्लील डांस। इन बारों में एक ही फ्लोर (स्टेज) पर ४ से अधिक (८,१०,१२) बार बालाएं डांस करती नजर आती हैं। बार मालिक के आदेश पर चल रहा है देर रात तक अश्लील डांस। इन बीयर बारों में कानून द्वारा बनाए गए आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए बार मालिक अपने मन से चला रहे हैं बार। इस गोरख धंधे से स्थानिक लोग भी परेशान हैं। यह बीयर बार कानून को मुंह चिढ़ाता हुआ, कई बार बालाओं से अश्लील डांस व उस डांस पर गाढ़ी कमाई (नोट) को उडाते ग्राहक नजर आते हैं। ऐसा नहीं है कि पुलिस ने यहां पर छापामारी नहीं की है, वक्त बे वक्त पुलिस यहां पर छापामारी करती है, परंतु अगले ही दिन यह बार अपने शबाब पर चालू हो जाता है, इन्हें कानून व्यवस्था का कोई डर नहीं। इतना ही नहीं इन्होंने बार के बाहर अपने कुछ आदमी खडे रखे हैं, इन्हें जैसे ही शक होता है कि पुलिस की रेड है तो ये लोग एक बटन दबा देते हैं। जिसका अलार्म या रोशनी बार में जलती है और लड़कियां यहां से भाग जाती हैं, यह सिग्नल होता है कि पुलिस अंदर आ रही है, ऐसे ये लोग पुलिस की रेड नाकाम कर देते हैं। इसकी शिकायत जोन -११ और १२ के पुलिस उपायुक्त को पत्र के माध्यम से की गई है। देखने वाली बात ये होगी कि पुलिस इन बारों को कानून व्यवस्था में लाने में सफल होती है या असफल?




मुंबई के कोस्टल रोड का सपना साकार करने हेतु शिवसेना पक्ष प्रमुख मा. उद्धव ठाकरे को पुष्पगुच्छ देकर सत्कार करते हुए सौ शाहेदा हारून खान (नगरसेविका प्रभाग क्र.६४)

# आज भी धड़ल्ले से चल रहे हैं अवैध हुक्का पार्लर

## फायब्रिगेड, एक्साईज, पुलिस, मनपा का लाईसेंस न होने के बावजूद फैल रहा है चारों तरफ हुक्के का धुआं

**एम. आर. शेख**

**मुंबई ।** जब कभी मुंबई में क्राईम बढ़ा है तो उसकी वजह छोटी ही होती है मगर गुनाह बढ़ा होता है जिसकी वजह से बड़े बड़े आई.पी.एस. अधिकारियों का तबादला हो जाता है । हम यहाँ सिर्फ आपको यह बताना चाहते हैं कि आज मुंबई शहर में हर गली हर नाके पर एक हुक्का पाररलर खुला है और इनकी पैदावार बढ़ती ही जा रही है इसकी वजह सिर्फ और सिर्फ पोलिस और समाज सेवा शाखा जो इसे नज़र अंदाज कर रही है । जिसकी वजह से इनकी



तादाद बढ़ती जा रही है ।

गत दिनों पहले निंदयी घटना मुंबई शहर में घटी थी १) परेल में हुक्का पार्लर में भीषण आग लगने की वजह से कई युवा और युवतियों की जान चली गई थी २) गोरेगांव में कुछ असामाजिक तत्व के लोगों ने एक युवा को जान से मार दिया था। ३) हाल ही में अंधेरी लिंक रोड के हुक्का पार्लर में देर रात फायरिंग हुई थी। इन घटनाओं के बाद कुछ सामाजिक लोगों ने हुक्का पार्लर की आर.टी.आई. मुंबई पोलिस आयुक्त को की थी जिस के जवाबी पत्र में लिखा था कि हुक्का पार्लर को मुंबई पोलिस ने कोई भी अनुमती नहीं दी है। मुंबई पोलिस की अनुमती नहीं है तो फिर यह हुक्का पार्लर किसकी छत्र छाया में अवैध तरीके से चलाये जा रहे हैं ?

इतनी सारी घटना घटने के बावजूद मुंबई के ओशिवरा पोलिस स्टेशन के अंतर्गत हुक्का पार्लर देर रात तक चलाये जा रहे हैं। इन अवैध हुक्का पार्लरों की शिकायत पत्र के माध्यम से ओशिवरा पुलिस स्टेशन व एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस, वेस्ट रीजन को की गई है। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस शिकायत पर कार्रवाई कब होती है और अवैध हुक्का पार्लर कब बंद होते हैं?






# महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधियों का रिकॉर्ड रखने वाला ९वां देश बना भारत

देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों के दोषियों की निजी जानकारी को डेटा के रूप में रखने गुरुवार से नेशनल रजिस्ट्री ऑफ सेक्शुअल ऑफेंडर्स शुरुआत कर रहा है। इस शुरुआत के साथ ही भारत दुनिया का ९वां ऐसा देश बन जाएगा जो इस तरह का डेटा तैयार करते हैं। दरअसल सरकार को यह इसलिए करना पड़ा क्योंकि २०१५ की तुलना में २०१६ में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में करीब तीन फीसदी की बढ़ोतरी हुई जबकि बलात्कार की घटनाओं में १२ फीसद बढ़त हुई है। भारत की इस सूची में अपराधियों के नाम, फोटो, पता, फिंगरप्रिंट, डीएनए सैंपल, पैन और आधार नंबर दर्ज होंगे। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस सूची में करीब




४.५ लाख मामले होंगे, जिसमें पहली बार अपराध करने वालों से लेकर बार-बार अपराध करने वालों के नाम होंगे। देशभर की जेलों से इसके बारे में जानकारी हासिल की गई है। यौन अपराधियों की रजिस्ट्री को नेशनल क्राइम रिकॉड्र्स ब्यूरो मेंटेन करेगी। अधिकारी के मुताबिक, इस रजिस्ट्री के जरिये कानून व्यवस्था का पालन करने में लगी एजेंसियों को बार-बार अपराध करने वालों की पहचान करना आसान होगा, जबकि लोग भी यौन अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के बारे में जागरूक हो सकेंगे। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, साल २०१५ में दुष्कर्म के ३४,६५१ दर्ज किए गए थे। वहीं, वर्ष २०१६ में यह संख्या बढ़कर ३८,९४७ पर पहुंच गए। वहीं, महिलाओं के खिलाफ सभी अपराधों की बात करें, तो वर्ष २०१५ में तीन लाख २९ हजार २४३ मामले दर्ज किए गए, जबकि वर्ष २०१६ में इनकी संख्या बढ़कर तीन लाख ३८ हजार ९५४ पहुंच गई। केवल सज़ा से यौन अपराध कम हो सकता है? डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म 'इंडियाज़ डॉटर' ने असहज सवालों की एक लंबी फेहरिस्त सामने लाकर रख दी है. यह डॉक्यूमेंट्री यौन अपराधों के सिलसिले में दोषी करार दिए गए अपराधियों की यौन विकृतियों और सोच पर रोशनी डालती है. यौन अपराध पर बहस शुरू हो गई है और लोग इस मुद्दे पर बंटे हुए हैं कि इस फ़िल्म को दिखाने का क्या यह सही समय था, महिलाओं की सुरक्षा के सवाल पर इससे भारत की साख पर क्या असर पड़ेगा? लेकिन यौन अपराध एक मानसिक बीमारी भी है. ऐसे में क्या भारत के मानसिक स्वास्थ्य सेवा विधेयक-२०१३ में मनोविकृत यौन अपराधियों के लिए पर्याप्त प्रावधान हैं? इसमें कोई शक़ नहीं कि समाज की सोच में बदलाव से हालात बदलेंगे लेकिन ऐसा होने में एक उम्र गुज़र जाएगी, इस बात को लेकर गहरी फिक्र होती है कि भारत में आज यौन अपराधियों से निपटने के लिए आपराधिक न्याय प्रणाली के अलावा किसी और ज़रिए की गुंजाइश बहुत कम ही है, जैसा इस मामले में हुआ.जहां ऐसे दूसरे उपाय हैं वहाँ भी ऐसा कोई कानूनी उपाय नहीं है जिससे अपराध करने वाले व्यक्ति को दिमागी इलाज या अन्य किसी तरह से सहायता लेने के लिए बाध्य किया जा सके.पुनर्वास कार्यक्रम में इस तरह के किसी विशेष पुनर्वास कार्यक्रम के अभाव में अपराध फिर से करने के मामले और इसके दोबारा साबित होने की दर पहले से ज्यादा बनी रहती है. खासकर रिहा होने के पहले साल में यौन अपराधियों के पुनर्वास से जुड़े कार्यक्रम में उनके खत़रे, जरूरत और प्रतिक्रिया के सिद्धांतों का ख्याल रखा जाता है. इससे फिर से अपराध करने के मामलों में बड़े पैमानों पर कमी होती है । अधिक और बीच के स्तर के खतरे वाले यौन अपराधियों को पुनर्वास कार्यक्रम से सबसे अधिक फायदा होता है, आपराधिक व्यवहार यहां तक कि यौन अपराधी के 'असामाजिक व्यवहार की समस्या' को इसकी 'कानूनी परिभाषा' के दायरे में शामिल कर भी दिया जाता है तो ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसके तहत दोषी ठहराए गए अपराधी को फ़ॉरेंसिक अस्पताल भेजा जा सके, जहां उनके आपराधिक व्यवहार का मूल्यांकन और इलाज किया जाए. अगर ऐसा प्रावधान होता तो उनकी रिहाई को उनके व्यवहार को फिर से अपराध करने के खतरे से जोड़ कर देखा जाता. वे लोग जो इलाज में सहयोग नहीं करते तो समुदाय में उन पर नज़र रखी जा सकती और खतरे का कोई निदान नहीं दिखता तो उन्हें दोबारा से अस्पताल भेजा सकता. गंभीर खतरा हालांकि इससे संबंधित नया विधेयक 'मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति' के इलाज के अधिकार का प्रावधान करता है । लेकिन इसमें ऐसे अपराधी की बात नहीं कही गई है जो इलाज के बारे में कोई फैसला कर सकने की स्थिति में नहीं हैं और जो दूसरे लोगों के लिए गंभीर खतरा बने हुए है । जो अपराधी इलाज का फैसला लेने की स्थिति में हैं लेकिन इसके लिए सहयोग नहीं कर रहे हैं, उनको लेकर भी नया कानून साक्ष्य आधारित अनिवार्य इलाज का प्रावधान करने में नाकाम रहा है । जोखिम की स्थिति इस विधेयक में यह संभावना है कि मानसिक रूप से बीमार अपराधियों से जुड़ी खामी को दूर किया जा सकता है और इसके साथ ही देश में फ़ॉरेंसिक साइक्रेट्री (मनोचिकित्सा) से जुड़ी सेवाओं की फौरी शुरुआत का रास्ता निकाला जा सकता है। अपने मौजूदा स्वरूप में इस कानून से बहुत कम उम्मीद है,कि समाज में यौन अपराधियों के खतरे का निदान निकल पाएगा। समस्या के समुचित मूल्यांकन को नजरअंदाज करने से कानून बनाने वालों और इसे लागू करने वालों के लिए जोखिम की स्थिति बन गई है । मौजूदा स्वरूप में इस विधेयक से यौन अपराधियों पर कोई लगाम लगने की संभावना कम ही है ।

**प्रेषक लेख-डॉ.नेहा नेमा, असिस्टेट प्रोफेसर आलाप कालेज गुना, म.प्र., सम्बद्ध माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल म.प्र.**


मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.


Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com


TAUHEED KHAN
8879027789 / 7666779287

Taufeek Caterers

Moghlai, Chinese, Vegetarian Pulav Mutton, Biryani, Mutton Korma, Chicken Korma, Dalgosht, Akhmi Pulav, Khichda, Zam Zam Pulav, Tandoori Akkha Bakra, Halwa, Falooda & All Types Food Made on Order

Prem Nagar, Eidgah Maidan Road, Opp. Babu Ration Shop, Behind Lucky Hotel, Jogeshwari (E), Mumbai 400 060.




Riyaz (Graphics Designer)
96198 36535
72085 31550
Email: shaikharts2015@gmail.com

Shaikh Arts & Advertising

GRAPHICS DESIGNING | Wedding Cards
Screen & Offset Printing | Visiting Cards
Letter Head & Bill Book | Scanning & Email
Flex & Vinyl Printing | Computerized Typing हिन्दी मराठी اردو عربی
Passport Online | Brochure | Menu Cards

Aluminum Composite Panel, Acrylic - Letters, Signboard, Steel Brass Letters & LED works done here.

Authorized Agent All over India Railway Ticket Booking

E/29, Grace Plaza Shopping Center, Opp. Saabri Masjid, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102. Email: riyazshaikh2011@gmail.com


*मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी (पश्चिम), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह*